निशानों में हिन्दी टाइप जानने वाले कर्मचारियों को भी भेजा गया है । इसके अतिरिक्त, विदेश स्थित सात मिशनों में हिन्दी अधिकारी तैनात किए गए हैं और भारत का राजदूतावास, काठमांडू में एक वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक भी । विदेश स्थित बहुत से भारतीय राजदूतावासों और कौंसलावासों में निःशुल्क हिन्दी कक्षाएं भी चलाई जाती हैं ।

(ख) अंग्रेजी और हिन्दी ।

चौधरी चरण सिंह के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट

928. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वतंत्रता सेनानी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उनके सम्मान स्मारक डाक-टिकट कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी, हां ।

(ख) चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधान मंत्री के सम्मान में 29-5-90 को एक स्मारक डाक-टिकट जारी करने का प्रस्ताव है ।

929. [*Transferred to 22nd May, 1990*]

कश्मीर घाटी के लिये पाकस्तान द्वारा खाड़ी में धन का जुटाया जाना

930. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 अप्रैल, 1990 के "हिन्दु" में "पाक रेजिंग थ्रड्स इन गल्फ फ़ोर एजीटेशन इन दि कश्मीर वैली" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या कश्मीर घाटी के अलगाववादियों के सहायतार्थ पाकिस्तान द्वारा विश्व के अन्य देशों से धन जुटाया जा रहा है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या सरकार ने इस मामले को संबंधित देशों की सरकारों के साथ उठाया है; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) सरकार ने 4 मई, 1990 को 'हिन्दु' में छपी इस आशय की खबरें देखी हैं ।

(ख) और (ग) पाकिस्तान की प्रधानमंत्री ने 13 मार्च, 1990 को कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री कोष की स्थापना की घोषणा की थी । इस कोष के लिए देश-विदेश से अनुदान मांगा गया है । यह स्पष्ट किया गया था कि अंशदान पाकिस्तान स्टेट बैंक और सभी अधिसूचित बैंकों तथा सभी ट्रेजरियों में प्राप्त किया जा सकेगा । विदेशों से अंशदान राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंकों की सभी शाखाओं तथा विदेश स्थित पाकिस्तानी मिशनों में प्राप्त किया जाएगा ।

(घ) भारत के खिलाफ़ निर्देशित आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन और प्रोत्साहन के तथ्य और तरीके को सभी संबंधित सरकारों के ध्यान में लाया गया है ।

North Eastern Council

931. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the North Eastern Council (NEC) is without a Chairman for about a year now and

(b) if so, the reasons therefor?